लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति **PRESS RELEASE**

"WE CAN FACE CHALLENGES ARISING OUT OF ANY DISASTER WITH STRENGTH AND UNITY." LOK SABHA SPEAKER

New Delhi 16 April 2020: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla today interacted with a diverse group of social entrepreneurs, leaders of Startup companies, and heads of NGOs that are working towards solutions to the challenges arising out of the COVID 19 outbreak in the country. Shri Birla, while observing social distancing, addressed the meeting through Video Conferencing from his residence in New Delhi.

Speaking on the occasion, Shri Birla observed that India's response to COVID 19 has been prompt and effective and it has been acknowledged around the world. He added that although our nation is large and diverse, our people have shown extraordinary resilience and fortitude in confronting this disease. He expressed his admiration for the peoples' response and support to the containment measures put in place by the government. Shri Birla said that this goes on to show the strength of Indian democracy and the peoples' faith in the leadership. Shri Birla further added that "The Indian people have proven to the world that they can face challenges arising out of any disaster with strength and unity." Shri Birla also paid tributes to the thousands of Corona warriors who are at the forefront of the war against this invisible enemy, saying that, "Every family is fighting this war, and with collective efforts, we shall fight and we will win."

Earlier, the participants in the meeting who represented various organizations, ranging from tech startups to established NGOs, informed Shri Birla about the different initiatives that they are undertaking on the ground in order to supplement the government's efforts to contain the spread of this disease.

"हम किसी भी आपदा से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों का एक हो कर सामना कर सकते हैं।": लोकसभा अध्यक्ष

नई दिल्ली 16 अप्रैल 2020: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज सामाजिक उद्यमियों, स्टार्टअप कंपनियों के प्रमुखों और गैर-सरकारी संगठनों के प्रमुखों के साथ बातचीत की, जो देश में COVID 19 के प्रकोप से उत्पन्न चुनौतियों के समाधान की दिशा में काम कर रहे हैं। श्री बिरला ने नई दिल्ली स्थित अपने निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक को संबोधित किया।

इस अवसर पर बोलते हुए, श्री बिरला ने कहा कि COVID 19 के विरुद्ध भारत की प्रतिक्रिया त्वरित और प्रभावी रही है और इसे दुनिया भर में स्वीकार किया गया है। उन्होंने कहा कि यद्यपि हमारा राष्ट्र काफी बड़ा और विविध है, फिर भी हमारे लोगों ने इस बीमारी का सामना करने में असाधारण बल और धैर्य का परिचय दिया है। श्री बिरला ने सरकार द्वारा लगाए गए सामाजिक दूरी के उपायों के अनुपालन के लिए लोगों कि प्रशंसा की। श्री बिरला ने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र की ताकत और राजनैतिक नेतृत्व में लोगों के दृढ विश्वास को दर्शाता है। श्री बिरला ने आगे कहा कि "भारतीय लोगों ने दुनिया को यह साबित कर दिया है कि वे किसी भी आपदा से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों का एक हो कर सामना कर सकते हैं।" श्री बिरला ने हजारों कोरोना योद्धाओं की प्रशंसा की, जो इस अदृश्य दुश्मन के खिलाफ युद्ध में सबसे आगे हैं, उन्होंने कहा कि, "हर परिवार इस युद्ध को लड़ रहा है, और सामूहिक प्रयासों से, हम लड़ेंगे और हम जीतेंगे।"

इससे पहले, बैठक में भाग लेने वाले, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों, ने श्री बिरला को उन विभिन्न कार्यों के बारे में सूचित किया, जो इस बीमारी के प्रसार को रोकने के यह संगठन जमीन पर कर रहे हैं।